# ट्रांसजेण्डरों की मांग पर गौशाला की जिम्मेवारी सौंपी जाएगी

## उभयलिंगी अधिनियम के तहत गठित समिति की बैठक सम्पन्न



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 11 दिसम्बर, कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में उभयलिंगी अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई थी.अधिनियम अधिकारो का संरक्षण को बढावा देने और उनके अधिकारो की रक्षा करना व कल्याण के उपाय करना और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के उद्धेश्य से आयोजित इस बैठक में ट्रांसजेण्डरो का प्रतिनिधित्व कर रही रत्ना नायक के द्वारा गौशाला संचालन की मांग रखी गई जिस पर सहमति व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने जिले में नवाचारो के तहत एक गौशाला संचालन की जिम्मेवारी नियमानुसार सौंपने की बात कही है.**

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने बैठक में मौजूद सभी ट्रांसजेण्डरो से कहा कि आप सबके आयोजन व विविध कार्यक्रमो में बाहर से आने वाले ट्रांसजेण्डरो की जानकारी पुलिस को शीघ्र उपलब्ध कराएं ताकि किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना किसी को भी ना करना पडें. कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में प्रमुख रूप से जिन बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए है उनमें सबसे पहले शासकीय योजनाओं के हितलाभ तहत आवश्यक पूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए प्रमुख दस्तावेंजो के तहत जिले के सभी ट्रांसजेण्डरो के आयुष्मान कार्ड जारी करने, बैंको में खाता खुलवाने, अटल पेंशन, आधार कार्ड बनाने, शासकीय उचित मूल्य दुकानो से अनाज प्राप्ति के दस्तावेंज तैयार कराने इत्यादि कार्यो की विभिन्न विभागो के अधिकारियों को आवश्यक जबावदेंही सौंपी गई है. विदिशा जिले में की गई कार्यवाही के संबंध में बताया गया कि जिला स्तरीय कल्याण बोर्ड का गठन किया जा चुका है जिसके कलेक्टर स्वंय अध्यक्ष होंगे जबकि सचिव सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक होंगे। उक्त बोर्ड में 22 सदस्य शामिल किए गए है.जिले में निवासरत 12 उभयलिंगी व्यक्तियों के पहचान प्रमाण पत्र बनाए गए है तथा 6 उभयलिंगी व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभांवित किया जा रहा है.

### विभागों को आवश्यक जवाबदेही सौंपी गई

कलेक्टर अंशुल गुप्ता अध्यक्षता में नशा मुक्ति एवं नशा नियंत्रण उपायों संबंधी महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज किया गया.कलेक्टर ने बैठक मे कहा कि कॉलेजों और स्कूलों के निर्धारित सीमा क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा. कलेक्टर ने पुलिस और स्थानीय प्रशासन को इस दिशा में कड़ी निगरानी रखने और दोषियों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. बैठक में नशा मुक्ति क्लब गठित करने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी. ये क्लब विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर जागरूकता, परामर्श, तथा व्यवहारिक सहयोग प्रदान करेंगे. जिले के प्रमुख नशा हॉटस्पॉटस्थलों का चिन्हांकन करने का निर्णय लिया गया. चिन्हांकित क्षेत्रों में पुलिस टीमों के सहयोग से सघन निरीक्षण, सतर्कता, अभियान तथा दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई करने की रणनीति तैयार की गई. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कहा कि जिले में नशा व्यापार एवं सेवन पर रोक लगाने हेतु पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है.उन्होंने बताया कि संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है तथा नशा विक्रय से जुड़े व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है.पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग नशा मुक्त अभियान को गति देने के लिए सक्रिय पेट्रोलिंग, इंटेलिजेंस और संयुक्त कार्रवाई के माध्यम से जिले को सुरक्षित और नशामुक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करता रहेगा.बैठक में जिले के प्रमुख नशा हॉटस्पॉट स्थलों का चिन्हांकन कर वहाँ पुलिस की सहायता से सतत निगरानी, सघन निरीक्षण एवं विशेष अभियान चलाने की रणनीति भी तय की गई.

# जिले में कड़ाके की ठंड से आम जन का जन-जीवन हो रहा प्रभावित





## ठंड से बचने आम जन ले रहे अलाव का सहारा, मौसमी बीमारी की चपेट में कई लोग

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 11 दिसम्बर, पिछले एक सप्ताह से जिले में कड़ाके की ठंड का असर लगातार जारी है.इस वजह से लगातार दिन और रात के तापमान में गिरवाट दर्ज हो रही है.कड़ाके ठंड के कारण आम जन का बुरा हाल है। कई लोग सर्दी ,खासी की चपेट में आ रहे हैं.आमजन के साथ किसानों की फसल,और पेड़ पौधों पर भी ठंड का असर देखने को मिल रहा है.**

ठंड के कारण लोग दिनभर गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आते हैं.सुबह होते ही लोग धूप निकलने का इंतजार करते हैं। धूप निकलते ही लोग ठंड से बचने के लिए धूप का सहारा लेते दिखते. शाम होते ही रिहायशी इलाकों और चौक-चौराहों लोग अलाव जलाते नजर आते हैं. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसारए पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में ठंड में वृद्धि हुई है. सुबह के समय पौधों पर ओस की बूंदें जमने लगी हैं, जो ठंड के बढ़ते प्रभाव को दर्शाती हैं.

### सुबह ठंड के बीच स्कूल जाते हैं कई बच्चे

लगातार ठंड ने लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है.शिक्षा विभाग ने भले ही स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है. लेकिन ठंड में स्कूल जाते समय छोटे-छोटे बच्चों को परेशानी होती है.सबसे अधिक परेशानी उन बच्चों को होती है जो साइकिल या वाहनों से जाते हैं. स्कूल की कक्षाओं में बैठने में छोटे बच्चों को परेशानी होती है.

### बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को होती है परेशानी

लगातार ठंड के कारण इस समय यात्रा करने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड रहा है. ठंड की वजह से कई ट्रेन अपने तय समय से कई घंटे लेट चल रही है. इस वजह से सुबह और शाम से लेकर रात तक रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करने वाले लोगों को ठंड से परेशानी हो रही है.बस स्टैंड पर भी बस यात्री सुबह ठंड से परेशान होते हैं. कई लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि सर्वजनिक स्थानों पर ठंड से बचने के लिए अलाव जलाए जाए.

### अस्पताल में मौसमी बीमारी के पहुंच रहे मरीज

ठंड के इस मौसम में अधिकांश लोगों को सर्दी और खासी की समस्या हो रही है.जिस पर कई लोग अपना उपचार करने के लिए जिला अस्पताल या फिर मेडिकल कालेज पहुंच रहे हैं. बताया जाता है कि ठंड के कारण हार्ट टैक की शिकायतें भी सामने आ ही है.जिन लोगों को सीने में दर्द होता हैं वो लोग तुरंत संबंधित डाक्टरों से अपना उपचार करा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भी आम लोगों से ठंड से बचने के उपाय अपनाने की सलहा दी है.

# 30 हजार की रिश्वत लेते धराया उपयंत्री



## गंजबासौदा में निवास पर लोकायुक्त ने की कार्यवाई

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,लोकायुक्त पुलिस ने कार्यवाही करते हुये एक उपयंत्री को 30 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों दरदबोचा.**लोकायुक्त पुलिस सूत्रों ने बताया कि आवेदक कन्हैया लाल शर्मा, निलंबित पंचायत सचिव ग्राम पंचायत धीरगढ़ एवं लाखन सिंह लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी धीरगढ़ तहसील लटेरी की शिकायत पर आरोपी राम गोपाल यादव उप यंत्री जनपद पंचायत लटेरी को गुरूवार को ट्रैप राशि 30 हजार लेते हुये आरोपी के निवास ड्रीम सिटी कॉलोनी, हतोड़ा, गंजवासोदा में धर दबोचा.

लोकायुक्त पुलिस ने बताया कि आवेदक कन्हैया लाल शर्मा के पंचायत सचिव रहते हुए लगभग एक माह पूर्व ग्राम पंचायत धीरगढ़ में हुए सीसी सड़क निर्माण के मूल्यांकन हेतु आरोपी द्वारा 40,000 रुपए की मांग की जा रही थी, जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त भोपाल दुर्गेश राठौर से की गई. शिकायत सत्यापन पर सही पाये जाने पर ट्रेप टीम का गठन किया गया, ट्रेप टीम द्वारा आरोपी को उनके निवास, गंजवासोदा में आवेदक से 30 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया.आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा-7, के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है.ट्रेप दल सदस्य में डॉ आर के सिंह उप पुलिस अधीक्षक, अजय मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक, यशवंत ठाकुर प्र.आर.,चैतन्य प्रताप सिंह आरक्षक, मनमोहन साहू, आरक्षक, अमित विश्वकर्मा चालक शामिल हैं.

# मंडल स्तरीय हुई क्रिकेट प्रतियोगिता



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित खेल गतिविधियों में एसएटीआई कॉलेज में विधानसभा के अंतर्गत 5 ग्रामीण मंडलों में से दुर्गा नगर एवं ढोलखेड़ी मंडल की क्रिकेट टीमों की प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें मंडल के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का दम दिखाया.**प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विधायक मुकेश टंड ने उपस्थित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं क्रिकेट खेलकर मैच का शुभारंभ किया एवं उपस्थित खिलाड़ियों से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए जीवन में खेलों का महत्व बताया.इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन श्याम सुंदर शर्मा छत्रपाल शर्मा बेत्रवती मंडल के अध्यक्ष प्रशांत खत्री वैश नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ढोल खेड़ी मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे चंद्रपाल दांगी आदि उपस्थित रहे.

## दिल्ली में 14 को वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,**भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा 14 दिसंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित की जा रही वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने जनसंपर्क और अपील अभियान तेज कर दिया है.पार्टी ने लोकतंत्र और मताधिकार पर लगातार हो रहे हमलों के विरोध में इसे निर्णायक रैली बताया है.जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि कथित वोट चोरी, मतदाता सूची में गड़बड़ी के खिलाफ यह रैली देशव्यापी जनरोष की अभिव्यक्ति बनेगी. कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल आदि दिल्ली पहुँचने का आग्रह किया है.

## 15 दिन में जिले को गंभीर कुपोषण से करें मुक्त, समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,**कलेक्टरेट सभा कक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी उपस्थित रहे.

समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व योजना कि समीक्षा कि गई जिन पर्यवेक्षकों से सेक्टर में प्रगति कम थी उनको लक्ष्य पूर्ती हेतु निर्देश दिये गये एवं नोटिस देने को कहा गया.कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये कि मोबाइल मेडिकल यूनिट जब ग्राम में जाये तो आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें, आयुष्मान कार्ड सभी के बनाये जाएँ, शासकीय भवनों में आंगनवाड़ी लगाई जाये, आंगनबाड़ी प्राथमिक विद्यालय के परिसर में लगाई जाये, एक है कैम्पस मे दो आंगनवाड़ी संचालित हैं तो उनको मर्ज कर एक सांथ लगाई जाएं, आंगनबाड़ी केंद्रों में विजली, पानी, साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें और और व्यवस्था करें.सेम बच्चों के यंहा गृह भेंट करें एवं जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध कराएं, एवं 15 दिवस मे जिले को गंभीर कुपोषण से मुक्त करने हेतु विशेष प्रयास करें, परिवार कि तरह बच्चों एवं माताओं कि देखभाल करें, आंगनबाड़ी केंद्रों मे बच्चों कि उपस्थित नहीं हो रहीं है तो आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता कि सेवा समाप्ति कि कार्यवाही करें.

भूमि पूजन | मुख्य धारा से जुड़ेंगे आदिवासी

# साढ़े 4 करोड़ लागत की दो सड़कों का किया भूमि पूजन



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** यह केवल सड़क निर्माण के भूमि पूजन का कार्यक्रम नहीं है.बल्कि आपके विश्वास, भाजपा कार्यकर्ता का वादा, हमारा संकल्प और यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का सुखद परिणाम है.भाजपा सरकार आपके हर विश्वास पर खरी उतरने का हर संभव प्रयास कर रही है. प्रदेश और केंद्र सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शो और अंत्योदय विचारधारा का अनुसरण कर रही है.जो छोटे-छोटे गांव, मजरा टोला, बसाहटों और पिछड़े क्षेत्र को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है.आदिवासी, मजदूर, किसान, गरीब सबको मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कार्य कर रही है.आपका विश्वास सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को शक्तिशाली बन रहा है.जो प्रदेश को देश में अग्रणीय और देश को विश्व में अब्बल बनाने का काम करेगा. यह विचार गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने प्रधानमंत्री जन मां ग्रामीण सड़क के भूमि पूजन कार्यक्रम में व्यक्त किए.

गुरुवार को गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने दो प्रधानमंत्री जनमन ग्रामीण सड़कों का भूमि पूजन किया। जो साढ़े चार करोड रुपए की लागत से बनाई जाएगी.जिसमें 4 किमी लंबी सड़क अजीतपुर भडेरू से डबरा आंकड़ोड़ा आदिवासी बस्ती तक 2 करोड़ 76 लाख की लागत से बनाई जाएगी. वहीं मुर्तजा नगर से ग्राम महोली तक ढाई किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण एक करोड़ 61 लाख रुपए की राशि से किया जाएगा. भूमि पूजन समारोह उस समय तालियों से गूंज गया जब विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने इन सड़कों को प्रदेश सरकार की ओर से भाजपा कार्यकर्ताओं के वादा और जनता के विश्वास को समर्पित किया.विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों, मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है.जिसका आधार कार्यकर्ताओं का मनोबल है.भाजपा पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोच्च और सर्वोपरि है.जिसका कार्यकर्ता राष्ट्र और समाज को समर्पित है.जिससे भाजपा आज विश्व की अग्रणी पार्टी है.इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मैना, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी,सरपंच प्रतिनिधि शिवचरण सिंह रघुवंशी , जनपद सदस्य प्रतिनिधि लाखन सिंह स्यारी , जनपद सदस्य लखन सिंह रघुवंशी कथरी ,पंडित मनीराम दुबे ,लाखन सिंह यादव, सौरभ व्यास, भीम सिंह रघुवंशी , महाराजसिहं रघुवंशी , मुरादपुर सरपंच देवी लाल अहिरवार आदि उपस्थित रहे.


